# CBSE Class 12 History Question Paper 2020

Series : HMJ/5

कोड नं.
Code No. **61/5/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 21 + मानचित्र हैं ।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 31 प्रश्न हैं ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains 21 printed pages + Maps.

(II) Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) Please check that this question paper contains 31 questions.

(IV) **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotte[d] to read this question paper. Th[e] question paper will be distribut[ed] at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. [to] 10.30 a.m., the students will re[ad] the question paper only and [will] not write any answer on [the] answer-book during this period.

## इतिहास (सैद्धान्तिक)

## HISTORY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*
*Time allowed : 3 hours*

*अधिकतम अंक*
*Maximum Marks*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

(i) प्रश्न-पत्र पाँच खण्डों में विभाजित किया गया है – क, ख, ग, घ और ङ । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(ii) खण्ड–क में प्रश्न संख्या 1 से 20 तक अतिलघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए ।

(iii) खण्ड–ख में प्रश्न संख्या 21 से 24 तक लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए ।

(iv) खण्ड–ग में प्रश्न संख्या 25 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 350 शब्दों में दीजिए ।

(v) खण्ड–घ में प्रश्न संख्या 28 से 30 तक स्रोत आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का हैं ।

(vi) खण्ड–ङ–प्रश्न संख्या 31 मानचित्र प्रश्न है, जिसमें महत्त्वपूर्ण पदों को पहचानना और स्थान अंकित करना शामिल है । मानचित्र को उत्तर पुस्तिका के साथ नत्थी कीजिए ।

(vii) उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होना चाहिए और साथ ही उपरोक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।

(viii) कोई समग्र विकल्प नहीं है । तथापि, एक-एक अंक के दो प्रश्नों में, तीन-तीन अंकों के एक प्रश्न में, आठ-आठ अंकों के तीन प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है । ऐसे प्रश्नों में **केवल एक ही विकल्प** का उत्तर दीजिए ।

(ix) इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।

## खण्ड : क

नोट : नीचे दिए गए **सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $1 \times 20 = 20$

1. हड़प्पा की भरण-पोषण नीतियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों/कथन में से कौन सा सही है/हैं ?

   (1) पुरातत्त्वविद जले अनाज के दानों तथा बीजों की खोज से आहार संबंधी आदतों के विषय में जानकारी प्राप्त करने में सफल रहे हैं ।

   (2) प्राचीन वनस्पति के अध्ययन के विशेषज्ञों ने हड़प्पा स्थलों से अनाज के दाने जैसे मोटे अनाज जौ आदि पाये ।

   (3) पुरातत्त्वविदों के अनुसार पशु पाले जाते थे ।

   सही विकल्प का चयन कीजिए :

   (A) केवल (1) और (2)

   (B) केवल (2) और (3)

   (C) (1), (2) और (3)

   (D) केवल (2) 1

**General Instructions :**

**Read the following instructions very carefully and strictly follow them :**

(i) *This question paper comprises five sections – A, B, C, D and E. All questions are compulsory.*

(ii) *Section A – Q. no. 1 to 20 are very short-answer type questions carrying 1 mark each. They are required to be answered in one word or one sentence each.*

(iii) *Section B – Q. no. 21 to 24 are short-answer type of questions carrying 3 marks each. Answer to each of them should not exceed **100** words.*

(iv) *Section C – Q. no. 25 to 27 are long-answer type questions carrying 8 marks each. Answer to each of them should not exceed **350** words.*

(v) *Section D – Q. no. 28 to 30 are source based questions carrying **6** marks each.*

(vi) *Section E – Question No. **31** is a map question that includes identification and location of significant test items. Attach the map with the answer-book.*

(vii) *Answer should be brief and to the point also the above word limit be adhered to as far as possible.*

(viii) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **two** questions of **one** mark, **one** question of **three** marks, **three** questions of **eight** marks and map question. You have to **attempt only one of the choices** in such questions.*

(ix) *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION : A

Answer all the questions given below : **$1 \times 20 = 20$**

1. Which of the following statement(s) is/are correct about the subsistence strategies of Harappa ?

(1) Archeologists have reconstructed dietary practices from finds of charred grains and seeds.

(2) Archaeo-botanists have studied grains found at Harappa like millets, barley, etc.

(3) Animals were domesticated according to archeobotanists.

Choose the correct option.

(A) (1) and (2) only (B) (2) and (3) only

(C) (1), (2) and (3) (D) (2) only 1

2. आरंभिक तमिल समाज में वेल्लालर और अणिमई में अंतर स्पष्ट कीजिए । 1

3. नीचे दी गई मूर्ति को देखिए और इसको पुरातत्त्वविदों द्वारा दिए नाम को लिखिए : 1



नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 3 के स्थान पर है :

एक सींग वाले जानवर का नाम लिखिए, जिसे हड़प्पाई मुहरों में चित्रित किया गया था । 1

4. 'द स्टोरी ऑफ इण्डियन आर्कियोलॉजी' के लेखक का नाम लिखिए । 1

5. चौथी बी.सी.ई. सदी में मगध की राजधानी को कहाँ स्थानांतरित किया गया था ? 1

**अथवा**

छठी और चौथी बी.सी.ई. सदियों के बीच मौर्य साम्राज्य के सबसे शक्तिशाली महाजनपद का नाम लिखिए । 1

2. Differentiate between Vellalar and Adimai in earlier Tamil society. 1

3. Look at the figure given below and name it as given by the archeologists. 1



**Note :** The following question is for the visually impaired candidates only in lieu of Q. No. **3**.

Name the one-horned animal which was depicted in Harappan seals. **1**

4. Name the author of the book "The Story of Indian Archaeology". **1**

5. Where was the capital of Magadh shifted in the fourth century B.C.E. ? **1**

**OR**

Name the most powerful Mahajanpada of Mauryan Empire between the sixth and fourth centuries B.C.E.

6. निम्नलिखित कथन को सही करके लिखिए : 1

"अल-बरूनी का संबंध तंज़ियर से था और उसने किताब-उल-हिन्द अरबी भाषा में लिखी ।"

**अथवा**

मुहम्मद बिन तुगलक इब्न जुज़यी की विद्वता से प्रभावित था और उसे दिल्ली का क़ाजी नियुक्त किया । 1

7. हड़प्पाई लिपि को रहस्यमयी क्यों कहा गया है ? निम्नलिखित विकल्पों में से सही की पहचान कीजिए :

(A) यह चित्रात्मक और समरूप थी ।

(B) यह बाईं से दाईं ओर लिखी जाती थी ।

(C) पढ़े-लिखे लोग इस लिपि को पढ़ने में समर्थ नहीं हैं । 1

(D) यह लिखने की सामान्य दशा को दर्शाती हैं ।

8. सही जोड़े बनाइए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (i) मनूची | (a) समरकंद |
| (ii) जौं बैप्टिस्ट तैवर्नियर | (b) इटली |
| (iii) दुआर्ते बरबोसा | (c) फ्रांस |
| (iv) अब्दुर रज़्ज़ाक | (d) पुर्तगाली |

**विकल्प :**

| | **(i)** | **(ii)** | **(iii)** | **(iv)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (b) | (c) | (d) | (a) |
| (B) | (a) | (d) | (c) | (b) |
| (C) | (d) | (a) | (b) | (c) |
| (D) | (c) | (b) | (a) | (d) |

1

9. निम्नलिखित में से किस गवर्नर जनरल ने अपने काल में कलकत्ता के नगर-नियोजन का कार्य किया ?

(A) लॉर्ड वेलेजली (B) लॉर्ड वारेन हैस्टिंग

(C) लॉर्ड मिंटो I (D) लॉर्ड कॉर्नवालिस 1

6. Correct the following statement and rewrite it :

Al-Biruni was from Tangier and written the Kitab-ul-Hind in Arabic language. 1

**OR**

Muhammad Bin Tughlaq was impressed by the scholarship of Ibn Juzayy and appointed him as the Qazi of Delhi. 1

7. Why is Harappan script called enigmatic ? Identify the appropriate reason from the following options :

(A) It was pictographic and uniform.

(B) It was written from left to right.

(C) Scholars are not able to read the script.

(D) It shows common feature of writing. 1

8. Match the following :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (i) Manucci | (a) Samarqand |
| (ii) Jean Baptist Tavernier | (b) Italy |
| (iii) Duarte Barbosa | (c) France |
| (iv) Abdur Razzak | (d) Portuguese |

**Options :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (b) | (c) | (d) | (a) |
| (B) | (a) | (d) | (c) | (b) |
| (C) | (d) | (a) | (b) | (c) |
| (D) | (c) | (b) | (a) | (d) |

1

9. Who among the following Governor Generals had done the town planning of Calcutta in his tenure ?

(A) Lord Wellesley

(B) Lord Warren Hasting

(C) Lord Minto I

(D) Lord Cornwallis

10. नीचे दो कथन दृढ़कथन – (A) और कारण (R) दिए गए हैं :

दृढ़कथन (A) : हिल स्टेशन (पर्वतीय सैरगाह) औपनिवेशक शहरी विकास की एक विशिष्ट विशेषता थी।

कारण (R) : हिल स्टेशनों में अंग्रेजों और अन्य यूरोपवासियों ने अपनी घर जैसी बस्तियाँ बसाना चाहा।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं। (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) सही नहीं है।

(D) (R) सही है, परन्तु (A) सही नहीं है।

11. यूरोपीय व्यापारिक कंपनियों ने विभिन्न स्थानों पर आधार स्थापित कर लिए थे। निम्नलिखित जानकारी से सही जोड़े को ज्ञात कीजिए :

(1) 1510 में पणजी में पुर्तगाली।

(2) 1605 में मसुलीपटनम में डच।

(3) 1673 में पांडिचेरी (आज का पुदुचेरी) में फ्रांसीसी।

विकल्प :

(A) केवल (1)

(B) केवल (1) और (2)

(C) (1), (2) और (3)

(D) केवल (2) और (3)

12. नयनार परंपरा की महिला भक्त का नाम लिखिए, जिसने अपने उद्देश्य की प्राप्ति हेतु घोर तपस्या का म
अपनाया।

13. इब्न बतूता ने भारतीय शहरों को व्यापक सुअवसरों से भरपूर पाया। निम्नलिखित विकल्पों में से उपयु
कारण की पहचान कीजिए :

(A) विशाल जनसंख्या, बाजार और सक्षम संचार व्यवस्था।

(B) भूमि पर राजकीय स्वामित्व।

(C) स्वायत्त और समतावादी ग्रामीण नियंत्रण।

(D) व्यापारी सोना और चाँदी निर्यात करते थे।

14. निम्नलिखित में से किसने एशियाई उत्पादन शैली के विचार को विकसित किया था ?

(A) कार्ल मार्क्स

(B) मांटेस्क्यू

(C) वॉल्टेयर

(D) रूसो

10. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Hill Stations were a distinctive features of colonial urban development.

**Reason (R) :** In the hill stations the British and other Europeans sought to recreate settlements that were reminiscent of home.

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is correct, but (R) is not correct.
(D) (R) is correct, but (A) is not correct.

11. The European commercial companies had set up base in different places. Find out the correct pair from the following information :

(1) The Portuguese in Panaji in 1510.
(2) The Dutch in Masulipatnam in 1605
(3) The French in Pondicherry (Puducherry) in 1673.

**Options :**

(A) (1) only
(B) (1) and (2) only
(C) (1), (2)and (3)
(D) (2) and (3) only

12. Name the woman devotee of Nayanar Tradition who adopted the path of extreme asceticism in order to attain her goal.

13. Ibn Battuta found Indian cities full of exciting opportunities. Identify the appropriate reason from the following options :

(A) Large population, Bazaars and efficient communication.
(B) Crown ownership of land
(C) Autonomous and equilitarian village command.
(D) Traders exported gold and silver.

14. Who among the following developed the concept of the Asiatic mode of production ?

(A) Karl Marx
(B) Montesquie
(C) Voltaire
(D) Rousseau

15. नीचे दी गई जानकारी को पढ़िए और अशोक द्वारा तीसरी सदी में तैयार और फैलाए गये संदेश... इसे जोड़िए :


"सिद्धान्त साधारण और सार्वभौमिक थे । सिद्धान्तों ने लोगों के जीवन को अच्छा बने रहने के लिए सुनिश्चित किया । अशोक ने इन सिद्धान्तों के साथ अपने साम्राज्य को अखण्ड बनाए रखने का प्रयास किया ।"

16. 'पद्मावत' के रचियता का नाम लिखिए ।

17. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :
कबीर की बानियाँ कबीर बीजक, कबीर ग्रंथावली तथा ______ में संकलित हैं ।

18. मीराबाई के गुरु कौन थे ?

19. नीचे दिए गए प्रवाह चार्ट का अध्ययन कीजिए और भारत में अंग्रेजों द्वारा प्रारम्भ की गई राजस्व प्रणाल... का नाम ज्ञात कीजिए :




20. उस अर्थशास्त्री की पहचान कीजिए, जिसके विचारों के अनुसार ब्रिटिश अधिकारी 1820 के दश... महाराष्ट्र में कार्य करने लगे ।

(A) डेविड रिकार्डो
(B) थेम्स रॉबर्ट
(C) जॉन स्टुअर्ट मिल
(D) वाल्टर बेग्हॉट

15. Read the following information and relate the **context** in which these messages were framed and spread by Ashoka in the third century B.C.E.


> "The principles were simple and universal. Principles ensured well being of people. Ashoka tried to hold his empire together with these principles." 1

16. Name the composer of 'Padmavat'. 1

17. Fill in the blank :
Verses of Kabir are compiled in the Kabir Bijak, the Kabir Granthawali and ______. 1

18. Who was the preceptor of Meera Bai ? 1

19. Study the following flow chart and find out the name of the Land Revenue System introduced by the British in India.




1

20. Identify the economist whose ideas were operated by the British officials in Maharashtra in 1820's.
(A) David Ricardo
(B) Thames Robert
(C) John Stuart Mill
(D) Walter Bagehot
1

(3 × 4 = 12)

## खण्ड : ख

21. "भारत के विभाजन के बीच गांधीजी ने साम्प्रदायिक सद्‌भाव के लिए अपना दृढ़ विश्वास दिखाया ।" इस कथन को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । 3

22. विजयनगर साम्राज्य के विरुपाक्ष मंदिर की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए । 3

23. "अभिलेखों से प्राप्त जानकारी की भी सीमा होती है ।" उपयुक्त तर्कों सहित इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । 3

**अथवा**

"छठी शताब्दी ई.पू. से ही भारतीय उपमहाद्वीप में 'भू' और 'नदीय' मार्गों का जाल फैला था ।" इस कथन को व्यापार के संदर्भ में प्रमाणित कीजिए । 3

24. 1857 के शुरू में उत्तर भारत में फैली अफ़वाहों और भविष्यवाणियों में लोगों ने क्यों विश्वास किया ? व्याख्या कीजिए । 3

(8 × 3 = 24)

## खण्ड : ग

25. उन्नीसवीं शताब्दी में साँची स्तूप, किस प्रकार की संरक्षण नीति सफलता के जीते जागते उदाहरण हैं ? व्याख्या कीजिए । अमरावती के स्तूपों के संबंध में ऐसा क्यों नहीं है ? स्पष्ट कीजिए । 4 + 4 = 8

**अथवा**

"मूर्तियों का अर्थ समझने के लिए इतिहासकारों को उनके पीछे की कहानियों से परिचत होना पड़ा ।" ई. पूर्व 600 से ईसा 600 तक बौद्ध और हिन्दूकला से उदाहरण देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए । 8

26. सुलह-ए-कुल के मुख्य आदर्श का वर्णन कीजिए जो अकबर के दीप्तमान शासन के एकीकरण का स्रोत था ।

**अथवा**

मुग़लों के 1707 तक के वंशानुगत उत्तराधिकर का उल्लेख कीजिए । मुग़ल सम्राटों के अन्य देशों के साथ राजनीतिक और कूटनीतिक संबंधों को वर्णन कीजिए । 3 + 5

27. भारतीय सरकार के संघीय ढाँचे पर संविधान सभा में दिए गए विभिन्न तर्कों की परख कीजिए ।

**अथवा**

हिन्दुस्तानी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में गाँधीजी द्वारा प्रस्तावित करने के कारणों की परख कीजिए । अन्ततः संविधान सभा में ऐसा क्यों निश्चय किया कि एक भाषा राष्ट्रभाषा, न हो ? 4 +

## SECTION : B

(3 × 4 = 12)

21. "Amidst the partition of India, Gandhiji showed his conviction for communal harmony." Explain the statement with examples. 3

22. Describe the main features of Virupaksha temple of theVijayanagar empire. 3

23. "There are limits to what epigraphy can reveal." Justify the statement with suitable arguments. 3

**OR**

'From the sixth century BCE land and Riverine routes criss-crossed the Indian sub continent." Substantiate the statement in the context of trade. 3

24. Why did people believe in the rumours and prophesies that circulated in North India at the beginning of 1857 ? Explain. 3

## SECTION : C

(8 × 3 = 24)

25. Explain how the Sanchi Stupa stands testimony to successful conservation policies taken up in the 19th century. Why did this not happen in the case of the Stupa at Amaravati ? Explain. 4 + 4 = 8

**OR**

"To understand the meanings of Sculptures, historians have to be familiar with the stories behind them." Support the statement by giving examples from Buddhist and Hindu Art from 600 BCE to 600 CE. 4 + 4 = 8

26. Describe the main ideal of Sulh-i-kul as the unifying force of Akbar's enlightened rule. 8

**OR**

State the dynastic successions of Mughals till 1707. Describe the political and diplomatic relations of Mughal Emperors with other countries. 3 + 5 = 8

27. Examine the different arguments made in the Constituent Assembly over the federal structure of the Indian Government. 8

**OR**

Examine the reasons for proposing Hindustani by Gandhiji as the National Language. Why did the Constituent Assembly finally decide not to have one as the National Language ? 4 + 4 = 8

(6 × 3 = 18)

28

## खण्ड : घ

### (स्रोत आधारित प्रश्न)

28. निम्नलिखित स्रोत को सावधानीपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**भारत में चाँदी कैसे आई ?**

जोवान्नी कारेरी के लेख (बर्नियर के लेख पर आधारित) के निम्नलिखित अंश से हमें पता चलता है कि मुग़ल साम्राज्य में कितनी भारी मात्रा में बाहर से धन आ रहा था :

(मुग़ल) साम्राज्य की धन-संपत्ति का अंदाज़ा लगाने के लिए पाठक इस बात पर गौर करें कि दुनिया भर में विचरने वाला सारा सोना-चाँदी आखिरकार यहीं पहुँच जाता है । ये सब जानते हैं कि इसका बहुत बड़ा हिस्सा अमेरिका से आता है, और यूरोप के कई राज्यों से होते हुए, (इसका) थोड़ा-सा हिस्सा कई तरह की वस्तुओं के लिए तुर्की में जाता है; और थोड़ा-सा हिस्सा रेशम के लिए स्मिरना होते हुए फ़ारस पहुँचता है । अब चूँकि तुर्की लोग कॉफ़ी से अलग नहीं रह सकते, जो कि ओमान और अरबिया से आती है.... (और) न ही फ़ारस, अरबिया और तुर्की (के लोग) भारत की वस्तुओं के बिना रह सकते हैं । (वे) मुद्रा की विशाल मात्रा लाल सागर पर बेबल मंडेल के पास स्थित मोका भेजते हैं; (इसी तरह वे ये मुद्राएँ) फ़ारस की खाड़ी पर स्थित बसरा भेजते हैं;.... बाद में ये (सारी संपत्ति) जहाज़ों से इन्दोस्तान (हिंदुस्तान) भेज दी जाती है । भारतीय जहाज़ों के अलावा जो डच, अंग्रेज़ी और पुर्तगाली जहाज़ हर साल इंदोस्तान की वस्तुएँ लेकर पेगू, तानस्सेरी (म्यांमार के हिस्से), स्याम (थाइलैंड), सीलोन (श्रीलंका)... मालदीव के टापू, मोज़ाम्बीक और अन्य जगहें ले जाते हैं, (इन्हीं जहाज़ों को) निश्चित तौर पर बहुत सारा सोना-चाँदी इन देशों से लेकर वहाँ (हिंदुस्तान) पहुँचाना पड़ता है । वो सब कुछ, जो डच लोग जापान की खानों से हासिल करते हैं, देर-सबेर इंदोस्तान (को) चला जाता है; और यहाँ से यूरोप को जाने वाली सारी वस्तुएँ, चाहे वो फ्रांस जाएँ या इंग्लैंड या पुर्तगाल, सभी नकद में खरीदी जाती हैं, जो (नकद) वहीं (हिंदुस्तान में) रह जाता है ।

(28.1) मुग़ल साम्राज्य किस प्रकार भारी मात्रा में धन एकत्रित कर सका ? स्पष्ट कीजिए । 2

(28.2) चाँदी किस प्रकार दुनियाभर में होते हुए भारत पहुँची ? स्पष्ट कीजिए । 2

(28.3) सत्रहवीं सदी भारत में वस्तु विनिमय किस प्रकार होता था ? स्पष्ट कीजिए । 2

## SECTION : D

### (Source based Questions)

(6 × 3 = 18)

28. Read the following source carefully and answer the questions that follow :

**How Silver came to India**

This excerpt from Giovanni Careri's account (based on Bernier's account) gives an idea of the enormous amount of wealth that found its way into the Mughal Empire :

That the Reader may form some idea of the Wealth of this (Mughal) Empire, he is to observe that all the Gold and Silver, which circulates throughout the World at last Centres here. It is well known that as much of it comes out of America, after running through several Kingdoms of Europe, goes partly into Turky (Turkey), for several sort of Commodities; and part into Persia, by the way of Smirna for Silk. Now the Turks not being able to abstain from Coffee, which comes from Hyeman (Oman), and Arabia ... nor Persia, Arabia, and the Turks themselves to go without the commodities of India, send vast quantities of Mony (money) to Moka (Mocha) on the Red Sea, near Babel Mandel; to Bassora (Basra) at the bottom of the Persian Gulgh (Gulf) .... which is afterwards sent over in Ships to Indostan (Hindustan). Besides the Indian, Dutch, English, and Portuguese Ships, that every Year carry the Commodities of Indostan, to Pegu, Tanasserri (parts of Myanmar), Siam (Thailand), Ceylon (Sri Lanka) .... the Maldive Islands, Mozambique and other Places, must of necessity convey much Gold and Silver thither, from those Countries. All that the Dutch fetch from the Mines in Japan, sooner or later, goes to Indostan; and the goods carry'd hence into Europe, whether to France, England, or Portugal, are all purchas'd for ready Mony, which remains there.

(28.1) How could the Mughal Empire accumulate enormous wealth ? Explain. 2

(28.2) How did Silver travel to across the globe to reach India ? Explain. 2

(28.3) How were the transactions made in the seventeenth century India ? Explain. 2

29. निम्नलिखित स्रोत को सावधानीपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 29

**"कल हम नमक कर कानून तोड़ेंगे"**

5 अप्रैल, 1930 को महात्मा गाँधी ने दाण्डी में कहा था :

जब मैं अपने साथियों के साथ दाण्डी के इस समुद्रतटीय टोले की तरफ चला था तो मुझे यकीन नहीं था कि हमें यहाँ तक आने दिया जाएगा । जब मैं साबरमती में था तब भी यह अफ़वाह थी कि मुझे गिरफ्तार किया जा सकता है । तब मैंने सोचा था कि सरकार मेरे साथियों को तो दाण्डी तक आने देगी लेकिन मुझे निश्चय ही यह छूट नहीं मिलेगी । यदि कोई यह कहता कि इससे मेरे हृदय में अपूर्ण आस्था का संकेत मिलता है तो मैं इस आरोप को नकारने वाला नहीं हूँ । मैं यहाँ तक पहुँचा हूँ, इसमें शांति और अहिंसा का कम हाथ नहीं है; इस सत्ता को सब महसूस करते हैं । अगर सरकार चाहे तो वह अपने इस आचरण के लिए अपनी पीठ थपथपा सकती है क्योंकि सरकार चाहती तो हम में से हरेक को गिरफ़्तार कर सकती थी । जब सरकार यह कहती है कि उसके पास शांति की सेना को गिरफ़्तार करने का साहस नहीं था तो हम उसकी प्रशंसा करते हैं । सरकार को ऐसी सेना की गिरफ़्तारी में शर्म महसूस होती है । अगर कोई व्यक्ति ऐसा काम करने में शर्मिंदा महसूस करता है जो उसके पड़ोसियों को भी रास नहीं आ सकता, तो वह एक शिष्ट-सभ्य व्यक्ति है । सरकार को हमें गिरफ़्तार न करने के लिए बधाई दी जानी चाहिए भले ही उसने विश्व जनमत का खयाल करके ही यह फैसला क्यों न लिया हो ।

कल हम नमक कर कानून तोड़ेंगे । सरकार इसको बर्दाश्त करती है कि नहीं, यह सवाल अलग है । हो सकता है सरकार हमें ऐसा न करने दे लेकिन उसने हमारे जत्थे के बारे में जो धैर्य और सहिष्णुता दिखायी है उसके लिए वह अभिनंदन की पात्र है....।

यदि मुझे और गुजरात व देश भर के सारे मुख्य नेताओं को गिरफ़्तार कर लिया जाता है तो क्या होगा ? यह आंदोलन इस विश्वास पर आधारित है कि जब एक पूरा राष्ट्र उठ खड़ा होता है और आगे बढ़ने लगता है तो उसे नेता की जरूरत नहीं रह जाती ।

(29.1) नमक कानून के प्रति भारतीयों की प्रतिक्रियाओं की परख कीजिए । 2

(29.2) गाँधीजी क्यों आश्वस्त थे कि सरकार सत्याग्रहियों को गिरफ्तार नहीं कर सकेगी ? व्याख्या कीजिए ।

(29.3) 'दांडी यात्रा' के आधार की व्याख्या कीजिए ।

29. Read the following source carefully and answer the questions that follow :

**"Tomorrow we shall break the salt tax law"**

On 5 April 1930, Mahatma Gandhi spoke at Dandi :

When I left Sabarmati with my companions for this seaside hamlet of Dandi, I was not certain in my mind that we would be allowed to reach this place. Even while I was at Sabarmati there was a rumour that I might be arrested. I had thought that the Government might perhaps let my party come as far as Dandi, but not me certainly. If someone says that this betrays imperfect faith on my part, I shall not deny the charge. That I have reached here is in no small measure due to the power of peace and non-violence : that power is universally felt. The Government may, if it wishes, congratulate itself on acting as it has done, for it could have arrested every one of us. In saying that it did not have the courage to arrest this army of peace, we praise it. It felt ashamed to arrest such an army. He is a civilized man who feels ashamed to do anything which his neighbours would disapprove. The Government deserves to be congratulated on not arresting us, even if it desisted only from fear of world opinion.

Tomorrow we shall break the salt tax law. Whether the Government will tolerate that is a different question. It may not tolerate it, but it deserves congratulations on the patience and forbearance it has displayed in regard to this party....

What if I and all the eminent leaders in Gujarat and in the rest of the country are arrested ? This movement is based on the faith that when a whole nation is roused and on the march no leader is necessary.

(29.1) Examine the reactions of Indians towards the Salt Law. 2

(29.2) Why was Gandhiji confident that the government would not arrest the Satyagrahis ? Explain. 2

(29.3) Examine the base of Dandi March. 2

P.T.O.

30. Read the following source carefully and answer the questions that follow :

**The Therigatha**

This unique Buddhist text, part of the *Sutta Pitaka*, is a collection of verses composed by *bhikkhunis*. It provides an insight into women's social and spiritual experiences. Punna, a *dasi* or slave woman, went to the river each morning to fetch water for her master's household. There she would daily see a Brahmana performing bathing rituals. One morning she spoke to him. The following are verses composed by Punna, recording her conversation with the Brahmana :

I am a water carrier :
Even in the cold
I have always gone down to the water
frightened of punishment
Or the angry words of high class women.
So what are you afraid of Brahmana,
That makes you go down to the water
(Though) your limbs shake with the bitter cold ?

The Brahmana replied :
I am doing good to prevent evil;
anyone young or old
who has done something bad
is freed by washing in water.

Punna said:
Whoever told you
You are freed from evil by washing in the water ? ...
In that case all the frogs and turtles
Would go to heaven, and so would the water snakes
and crocodiles !
(Instead) Don't do that thing,
the fear of which
leads you to the water.
Stop now Brahmana !
Save your skin from the cold ...

(30.1) Explain the ideas of Punna with two examples. 2

(30.2) What justification did the Brahmana give for his daily dip in river ? 2

(30.3) Explain the core of Buddhist philosophy that is being conveyed through their Gatha. 2

(3 + 3 = 6)

## खण्ड : ङ
### (मानचित्र आधारित प्रश्न)

31. (31.1) भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं तीन को उपयुक्त चिह्नों से दिखाइए और उनके नाम लिखिए :

(i) अमृतसर – राष्ट्रीय आंदोलन का एक महत्त्वपूर्ण केन्द्र ।

(ii) चौरी-चौरा – वह स्थान जहाँ गाँधीजी ने असहयोग आंदोलन वापस लिया ।

(iii) विजयनगर – तुलुव राजवंश द्वारा शासित नगर

(iv) आगरा – बाबर के अधीन एक राज्य 3

(v) ग्वालियर – 1857 के विद्रोह का केन्द्र

(31.2) इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र में तीन विकसित हड़प्पा पुरास्थलों को A, B और C से अंकित किए गए हैं । उन्हें पहचानिए और उनके निकट खींची गई रेखाओं पर सही नाम लिखिए । 3

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **31** के स्थान पर है :

(31.1) किन्हीं तीन विकसित हड़प्पा पुरास्थलों के नाम लिखिए ।

**अथवा**

किन्हीं तीन बौद्ध स्थलों के नाम लिखिए ।

(31.2) 1857 के विद्रोह के किन्हीं तीन केन्द्रों के नाम लिखिए ।

## SECTION : E

### (Map based question)

(3 + 3 = 6)

31. (31.1) On the given Political outline map of India locate and label any three from the following with appropriate symbols :

(i) Amritsar – an important centre of National Movement.

(ii) Chauri-Chaura – The place where Gandhiji called off Non-Cooperation Movement.

(iii) Vijaynagara – City ruled by Tuluva dynasty.

(iv) Agra – A territory under Babur.

(v) Gwalior – a centre of the Revolt of 1857. 3

(31.2) On the same outline map, three places related with Matured Harappan sites have been marked as A, B and C. Identify them and write their correct names on the lines marked near them. 3

**Note :** The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. 31.

(31.1) Name any three Matured Harappan sites. 3

**OR**

Name any three Buddhist sites. 3

(31.2) Name any three centres of the Revolt of 1857. 3